देश में सबसे ज्यादा निवेश वाला जिला बना नोएडा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। गौतमबुद्धनगर (नोएडा) में बीते साढ़े चार साल में रिकॉर्ड 64,362 करोड़ रुपये का निवेश आया है। इतना निवेश देश के किसी और जिले में नहीं हुआ है। इस तरह नोएडा देश में सर्वाधिक औद्योगिक निवेश कराने वाला जिला बन गया है। इस निवेश से जिले में 4,84,922 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा।

आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश सरकार की इनवेस्टर फ्रेंडली नीतियों से प्रभावित होकर देश और विदेश के बड़े निवेशकों ने नोएडा में इतना निवेश किया है। इस जिले में नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण और यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण काम कर रहे हैं। इन तीनों विकास प्राधिकरणों से निवेशकों ने बीते साढ़े साल में 3,188 भूखंड लिए हैं।

औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार नोएडा प्राधिकरण से औद्योगिक प्लाट लेकर 855 बड़े निवेशक नोएडा में 20,560 करोड़ का निवेश कर उद्यम स्थापित कर रहे हैं। इसमें 1,47,703 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा।

साढ़े चार साल में 64,362 करोड़ रुपये का निवेश

जिले में 4,84,922 लोगों को मिलेगा स्थायी रोजगार

नोएडा में इन कंपनियों ने किया निवेश

सैमसंग ने नोएडा में मोबाइल डिस्प्ले यूनिट लगाई है। पेटीएम ने 302 करोड़ रुपये का निवेश किया है, इससे 15 हजार लोगों को रोजगार मिला है। अडानी ग्रुप ने डाटा प्रोसेसिंग सेक्टर में 2500 करोड़ का निवेश करने के लिए 39,146 एकड़ भूमि ली है। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट ने भी आईटी सेक्टर में 1000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए 60,000 एकड़ भूमि ली है।

प्रापर्टी के कारोबार में आईएनजीके कंपनी ने 5,500 करोड़ का निवेश करने के लिए 47,833 एकड़ भूमि खरीदी है। इसके अलावा वेस्टवे इलेक्ट्रॉनिक्स, डिक्सन टेक्नोलॉजी, वीवोटेक्स प्रोजेक्ट, रोटो पंप्स लि., अग्रवाल एसोसिएट्स, नेप्तुने सिस्टम, एडवर्ब टेक्नालॉजी, सुरभि ग्रुप, आइकिया सॉल्युशन, यूं फ्लेक्स लि. और केंट आरओ ने भी नोएडा में जमीन ली है।

ग्रेटर नोएडा में 391 बड़े निवेशक

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 391 बड़े निवेशकों ने फैक्ट्री लगाने के लिए जमीन ली है। ये 26,530 करोड़ का निवेश कर रहे हैं। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट समेत अब तक 1942 निवेशकों को उद्यम स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई है। ये निवेशक 17,272.74 करोड़ का निवेश करेंगे। इससे 2,65,718 लोगों को रोजगार मिलेगा। यीडा के अधिकारियों के मुताबिक लोगों को सर्वाधिक रोजगार जेवर एयरपोर्ट, मेडिकल डिवाइस पार्क, फिल्म सिटी, टॉय पार्क और लेदर पार्क में मिलेगा।

अब नई ऊंचाइयों पर नोएडा

इस निवेश से नोएडा अपने 45 साल के सफर में कई ऊंचाइयों को छू रहा है। यहीं नहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर यहां पुलिस कमिश्नरी सिस्टम लागू हो गया है। अधिकारियों के अनुसार, इनवेस्टर्स समिट में हुए एमओयू में से करीब 60 प्रतिशत नोएडा जिले के लिए हैं।

ग्रामीणों की आमदनी बढ़ाने में नाबार्ड का अहम रोल : सहगल

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि ग्रामीणों की आमदनी बढ़ाने के लिए उन्हें उद्यमिता के साथ जोड़ना होगा। इसमें नाबार्ड जैसी संस्थाओं का अहम योगदान होगा। उन्होंने खादी ग्रामोद्योग,

एमएसएमई, निर्यात प्रोत्साहन और नाबार्ड का एक वर्किंग ग्रुप बनाने को कहा। वे मंगलवार को गोमती नगर स्थित नाबार्ड कार्यालय में क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में ओडीओपी योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों की आय को बढ़ाया जा रहा है। छोटे उद्यमियों को तकनीक के साथ जोड़कर उनके रोजगार को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के साथ अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करे। राज्य सरकार इसमें पूरा सहयोग देगी। नाबार्ड के महाप्रबंधक डीएस चौहान ने कहा कि गैर कृषि क्षेत्र से जुड़े कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जा रहा है। कौशल विकास के लिए ग्रांट एवं मैनेजमेंट पर आधारित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों की 150 महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्हें नैपकिन बनाने की मशीन लीज पर दी जाएगी। इससे महिलाओं की प्रतिमाह चार से छह हजार रुपये की अतिरिक्त आमदनी होगी। ब्यूरो